(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार ने इस घाटे की राशि को बट्टे खाते में डालने का निर्णय लिया है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने भविष्य में दिल्ली परिवहन निगम को ऐसे घाटे से बचाने के लिए बसों के किराये में वृद्धि करने का निर्णय लिया है; और

(च) यदि नहीं, तो भविष्य में ऐसे घाटे से बचने के लिये क्या अन्य उपाय करने पर विचार किया जा रहा है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) :

(क) और (ख) दिल्ली परिवहन निगम को 31-3-93 तक ब्याज और मूल्यह्रास सहित 1063.36 करोड़ रुपए (अनन्तिम) का घाटा हुआ ।

(ग) और (घ) 31-3-93 की स्थिति के अनुसार दिल्ली परिवहन निगम के संपूर्ण संचित घाटे को, दिल्ली परिवहन निगम की पुनर्स्थापना के लिए अन्तर सम्बद्ध पैकेज के भाग के तौर पर इक्विटी में परिवर्तित करने का एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ।

(ङ) जी नहीं ।

(च) सरकार, दिल्ली परिवहन निगम की दीर्घकालीन उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए, इसकी पुनर्स्थापना हेतु एक अन्तर-सम्बद्ध पैकेज को अंतिम रूप दे रही है । विचाराधीन मुख्य सुझाव निम्नलिखित हैं :—

(1) अनावश्यक जनशक्ति में कमी;

(2) दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े के आकार को युक्तिसंगत बनाकर 3500 बसों का बनाना;

(3) घाटे वाले रूटों से बसें हटाना;

(4) दिल्ली परिवहन निगम की पूंजीगत पुनर्संरचना;

(5) रियायती पासों के कारण होने वाले घाटे की सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति;

(6) दिल्ली परिवहन निगम के डिपुओं का वाणिज्यिक दृष्टि से विकास;

(7) बेड़े के बेहतर उपयोग तथा रख-रखाव की उन्नत पद्धति के माध्यम से लागत कम करके प्रचालनों की कार्यकुशलता में सुधार ।

DHAKA DECLARATION IN SAARC SUMMIT

*59 SHRI VITHALRAO MADHVRAO JADHAV :

SHRI V. NARAYANASAMY : Will the Minister of of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) what is the Dhaka declartaion in SAARC Summit; and

(b) what are the salient features of SAARC Summit ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI R. L. BHATIA) : (a) The 7th SAARC Summit which was held in Dhaka on 10-11th April, 1993, adopted the Dhaka Declaration.

(b) Some of the salient features of the Dhaka Declaration are as follows :'

The Foreign Ministers of SAARC countries signed a framework agreement for a SAARC Preferential Trading Arrangement (SAPTA).

The Summit leaders also committed their Governments to the eradication of poverty in South-Asia, preferably by 2002 AD through an Agenda of Action which embodies, inter-alia, strategies for social mobi-ligation, agricultural'decentralisation, labour intensive industries and human development..

Other decisions of the Summit relate to Environment, Population, Shelter, Children, Youth, Drug-trafficking etc. The Declaration contains an unequivocal condemnation of terrorism and the need for expediting legislation on the SAARC Convention on Suppression of Terriorism, ratified by all member States in 1988.

Activities of ISI in India

*60. SHRI RAM GOPAL YADAV : WiU the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state ;

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item which appeared in the Hindustan Times of April 12, 1993 under the caption "Gujarat a safe Heaven for Inter Services Intelligence of Pakistan"; and

(b) if so, what steps Government propose to take to prevent the activities of ISI in India ?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN) : (a) The Government is aware of the news item in question. (b) The Government have alerted Gujarat and other State Governments as well as all the concerned Central agencies to enforce enhanced surveillance in a fully integrated manner, to counter subversive activities.

चिड़ियाघर

233. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों द्वारा किन-किन स्थानों पर चिड़ियाघर चलाए जा रहे हैं;

(ख) उन चिड़ियाघरों के नाम क्या हैं जहां से प्राधिकारियों की लापरवाही के कारण जानवरों की मृत्यु होने के समाचार मिले हैं; और

(ग) ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गई है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) राष्ट्रीय प्राणि उद्यान दिल्ली एकमात्र ऐसा चिड़ियाघर है जो केन्द्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा है । हर एक राज्य में चिड़ियाघर हैं जिनका प्रबंध राज्य सरकार द्वारा किया जाता है । इन चिड़ियाघरों की एक सूची, जैसी कि मंत्रालय में उपलब्ध है, संलग्न विवरण में दी गई है (नीचे देखिए) ।

(ख) और (ग) केन्द्र सरकार को चिड़ियाघरों में पशुओं के मरने की रिपोर्ट केवल राष्ट्रीय प्राणि उद्यान के बारे में ही प्राप्त होती है । 1992 में राष्ट्रीय प्राणि उद्यान में 21 कृष्णसारों की मृत्यु हुई थी और यह प्रथमदृष्टया कुछ कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरते जाने का मामला था । इन कर्मचारियों को निलम्बित कर दिया गया है और जांच चल रही है ।

विवरण

उन चिड़ियाघरों की सूची जिनका प्रबंध राज्य सरकारों द्वारा किया जा रहा है :

1. अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह :
   मिनि ज (छोटे चिड़ियाघर)
   हाडो, पोर्ट ब्लेयर-744102

2. आन्ध्र प्रदेश :

   नेहरू जूलाजीकल पार्क,
   हैदराबाद-500001.

   इंदिरा गांधी जूलाजीकल पार्क,
   विशाखापटटनम्-530001.
   श्री वेंकटेश्वर जूलाजीकल पार्क,
   तिरूपति ।

   जवाहर डीयर पार्क,
   शामिरपेट-506319.

   किन्नरसानी डीयर पार्क,
   नागार्जुनसागर-507007.

   महावीर हरिण वनस्थली डीयर पार्क, रंगारेड्डी जिला,
   हैदराबाद-508385.